हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

11 नेशनल चैम्पियन का स्कूल में हुआ स्वागत



11 युवाओं को समझनी होगी अपने वोट की ताकत : प्रो. राजकुमार सिवाच



## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने इंस्टाग्राम आईडी हैक कर गलत फोटो वायरल करने का लगाया आरोप

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने अज्ञात युवक पर इस्ट्राग्राम आईडी हैक कर उसकी गलत फोटो वायरल करने का आरोप लगाया है। इस बारे पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लोहाखेड़ा निवासी युवती ने कहा है कि उसके पति ने इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाई थी। करीब 2 महीने पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आईडी का पासवर्ड बदल दिया और अब वह व्यक्ति इस आईडी से उसके गलत फोटो बनाकर वायरल कर रहा है।

### दुकान में नशा बेचते युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना में परचून दुकान की आड़ में नशा बेचते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएनसी प्रभारी पीएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ें की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जब सैन चौक, टोहाना पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि रजत कुमार निवासी वार्ड नं. 19 टोहाना ने अपने घर में परचून की दुकान कर रखी है।

### प्राथमिक स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** गांव चंदो खुर्द के प्राथमिक स्कूल में घुसकर अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में राजकीय प्राथमिक पाठशाला चंदो खुर्द के हैड टीचर सतीश कुमार ने कहा है कि बीती रात अज्ञात चोर स्कूल में घुस गए। चोरों ने किचन व स्टोर रूम का ताला तोड़कर वहां से गेहूं, चावल, गैस सिलैण्डर, बर्तन सहित अन्य काफी सामान चोरी कर लिया। सुबह जब वे स्कूल आए तो उन्हें चोरी का पता चला।

### नशीली गोलियों सहित एक काबू

**डबवाली।** सीआईए स्टाफ डबवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 150 नशीली गोलीयों सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी गश्त के दौरान बस अड्डा से होते हुए गोल चौक बठिंडा रोड डबवाली मौजूद थी। इस दौरान सामने से आ रहे युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 150 नशीली गोलियां बरामद हुई। आरोपी की पहचान जसवंत सिंह निवासी चौटाला हाल बठिंडा रोड डबवाली के रुप में हुई है।

### दो उदघोषित अपराधी काबू

**ओढां।** ओढां थाना पुलिस ने व शहर थाना डबवाली पुलिस ने दो भगोड़ों को काबू किया है। शहर थाना प्रभारी डबवाली शलैंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए पी.ओ. की पहचान अजय कुमार निवासी वार्ड नंबर 17 डबवाली के रुप में हुई है। आरोपी को अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था। इसी तरह ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए पी.ओ. की पहचान शेखर निवासी पंजुआना के रुप में हुई है।

### हुड़दगंबाजी के तीन आरोपी धरे

**कालांवाली।** सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दगंबाजी करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। कालांवाली थाना प्रभारी चांद सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही सुखदर्शन सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर दादू रोड की ओर जा रहे थे। जब दुर्गा मंदिर कालांवाली के पास पहुंचे तो सार्वजिनक जगह पर तीन लडके आपस मारपीट व गाली गलौच कर रहे थे।

---

खेतों में जाकर सीएम सैनी ने लिया फसलों का जायजा

# तकनीकी खामियों के चलते अटके हुए मुआवजे को जल्द रिलीज करें अधिकारी

2022 में गुलाबी सुंडी, 2023 में घग्गर नदी में बाढ़ के कारण खराब हुई फसलों का अटका हुआ मुआवजा देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी हर वर्ग की चिंता करने वाले मुख्यमंत्री हैं। प्रदेश का युवा हो, गरीब व्यक्ति या फिर किसान हो उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में विश्वास रखते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला फतेहाबाद के रतिया की विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री ने एक ही झटके में उन किसानों का मुआवजा रिलीज करने के निर्देश अधिकारियों को जारी कर दिए जो तकनीकी खामियों के कारण अटके हुए थे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि भाजपा की सरकार कांग्रेस की तरह मुआवजा लटकाने वाली सरकार नहीं बल्कि तुरंत मुआवजा देने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री ने 2022 में गुलाबी सुंडी और 2023 में घग्घर नदी में आई बाढ़ से खराब हुई फसलों का तकनीकी खामियों के कारण अटका मुआवजा जांच करके देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। 2022 में गुलाबी सुंडी से खराब हुई फसलों के अटके मुआवजे की बात हरकोफेड चैयरमैन वेद फुलां और 2023 में बाढ़ से खराब फसलों का तकनीकी खामी के चलते अटके मुआवजे की बात राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्यमंत्री के सामने रखी। जिसकी जांच कर तुरंत मुआवजा देने के आदेश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए। विजय संकल्प रैली के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी फसलों का निरीक्षण करने आस-पास के खेतों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के अलाव अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नायब सैनी ने लहलाते खेतों को देखते हुए कहा कि हमारे किसान भाइयों की मेहनत की फसल पक कर तैयार है और हरियाणा सरकार भी समर्थन मूल्य पर किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने के लिए तैयार है। नायब सैनी ने कहा कि किसानों की फसल खरीदने के लिए मंडियों में तैयारियां पूरी हैं। 72 घंटों के अंदर किसानों की मेहनत का पैसा उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराना भाजपा सरकार का संकल्प है। लहलाते खेतों से गदगद नायब सैनी ने मां अन्नपूर्णा का धन्यवाद किया और प्रार्थना की मां अन्नपूर्णा का हरियाणा पर सदैव कृपा बनी रहे।

## 2022 में गुलाबी सुंडी से खराब हुई फसलों के मुआवजे का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- मुआवजा बांटने से पहले पटवारी हड़ताल पर चले गए
- प्रशासन ने किसानों को नुकसान का ब्यौरा पोर्टल करने को कहा

हरकोफेड चैयरमैन वेद फुलां के प्रयासों से अब गांव धारणियां, भुना ब्लॉक, भट्टू ब्लॉक और आसपास के किसानों का 2022 में गुलाबी सुंडी से खराब हुई फसल का लंबित मुआवजा किसानों को मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रतिया में रैली के लिए पहुंचे सीएम नायब सैनी ने इस संदर्भ में चण्डीगढ़ स्थित अधिकारियों को तुरंत जांच करके मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए हैं। गांव धारणियां के किसानों की ओर से हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां ने सीएम नायब सैनी को बताया कि साल 2022 में गुलाबी सुंडी के कारण धारणियां, भट्टू ब्लॉक, भुना ब्लॉक व आसपास के काफी इलाकों की नरमें की फसल खराब हो गयी थी। इस खराबे की गिरदावरी तत्कालीन जिला प्रशासन ने कर ली थी, लेकिन मुआवजा बांटने से पहले पटवारी हड़ताल पर चले गए। दो माह के बाद जब पटवारी काम पर लौटे तो सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल लांच कर दिया, जिसके बाद प्रशासन ने किसानों को नुकसान का ब्यौरा इस पोर्टल पर डालने के लिए कहा, लेकिन पुराना मामला होने के चलते ये क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका। तकनीकी खामी के चलते विभिन्न गांवों के किसान दो सालों से मुआवजे की बाट जोह रहे थे। शुक्रवार को रतिया रैली के दौरान हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां ने किसानों के अटके हुए मुआवजा के बारे में सीएम सैनी को बताया। इसके बाद सीएम ने अधिकारियों से बात करके तकनीकी खामियों को दूर करके किसानों को तुरंत मुआवजा देने के निर्देश दिए।

---

# अनाज मंडी में नाजायज कब्जे बिगाड़ रहे मंडी का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

शहर की अनाज मंडी में इन दिनों नाजायज कब्जों की भरमार के कारण जाखल की अनाज मंडी का स्वरूप ही बदलता जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण यहां प्रतिदिन नाजायज कब्जे हो रहे हैं। इन अवैध अतिक्रमण को लेकर मार्किट कमेटी ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। आम लोगों में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति रोष पाया जा रहा है। इन दिनों अनाज मंडी नाजायज कब्जों की मार के नीचे है। अनाज मंडी में आढ़तियों ने सरेआम दुकानों के बरामदे और दुकानों के पीछे नाजायज कब्जे किये हुए हैं। इसके साथ ही दुकानदारों ने दुकानों के आगे 10-10 फुट तक सामान रखकर कब्जे कर लिए है। अनाज मंडी में सभी दुकानों के बरामदे दुकानों का हिस्सा बन चुके हैं।

### आने वाले दिनों में बढ़ेगी परेशानी

बता दें कि आने वाले दिनों में किसानों की गेहूं की फसल पककर तेयार हो जाएगी, जिसके बाद किसान अपनी फसलों को मंडियों में लेकर आएंगे। गेहूं की फसल की आवक तेज होने के बाद किसानों के साथ साथ आमजन को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अगर आने वाले दिनों में प्रशासन अनाज मंडी में हुए कब्जो को नही हटवाता तो इसका खिमायाजा किसानों के साथ साथ आमजन को भी भुगतना पड़ेगा।

### क्या कहते है मार्किट कमेटी सचिव

जल्द ही अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर एक अभियान चलाया जाएगा, जिसके बाद अगर किसी भी दुकानदार ने कब्जा कर रखा है तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा। गेहूं के सीजन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

## नाकाबंदी के दौरान डोडा पोस्त से भरी कार पकड़ी, युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने नाकाबंदी के दौरान डोडा पोस्त से भरी एक कार को पकड़ा है। कार में कुल 5 कट्टों में 60 किलो डोडा पोस्त रखा था। इस मामले में पुलिस ने कार सवार युवक को काबू कर लिया जबकि पूछताछ के आधार पर नशा सप्लायर की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई रामअवतार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव बड़ोपल से कुम्हारिया रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान टीम को गांव बड़ोपल की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। शक के आधार पर पुलिस ने जब कार चालक को रूकने का इशारा किया तो कार चालक घबरा गया और कार को वापस मोड़ने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने कार सवार को काबू कर लिया। पूछताछ पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम अनूप कुमार निवासी ढाणी बड़ोपल बताया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें रखे 5 प्लास्टिक कट्टों में से 60 किलासे डोडा पोस्त बरामद हुआ।

---

## 1500 लीटर लाहन, 237 बोतल शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने 1500 लीटर लाहन तथा 237 बोतल अवैध शराब सहित 12 लोगों को काबू किया है। सदर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर गांव सिकंदरपुर क्षेत्र से दर्शन सिंह पुत्र टेक सिंह निवासी सिकंदरपुर को 1100 लीटर लाहन सहित काबू किया है। वहीं अन्य घटना में सदर थाना सिरसा पुलिस ने दारा सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी नेजाडेला कलां को 14 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव केलनिया क्षेत्र से प्रीतम सिंह पुत्र गुरुदत्त सिंह निवासी सुखचैन को 400 लीटर लाहन के साथ गांव केलनिया से काबू किया है। सीआईए सिरसा पुलिस ने कृष्ण कुमार व जगी सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी नेजाडेला कलां को 40 बोतल अवैध शराब व बाइक के साथ काबू किया है। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान दीपक पुत्र लालचंद निवासी शांति नगर को 14 बोतल अवैध शराब सहित काबू काबू किया है।

### यहां से पकड़ी इतनी बोतलें

वहीं एएनसी सिरसा पुलिस ने थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र से संजय पुत्र ओमप्रकाश को 36 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। शहर थाना सिरसा पुलिस ने राजेश पुत्र मदनलाल निवासी कीर्ति नगर को 13 बोतल अवैध शराब सहित ऑटो मार्केट क्षेत्र से काबू किया है। एएनसी ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान मक्खन सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी वार्ड नंबर 7 रानियां को 49 बोतल अवैध शराब सहित वार्ड नंबर 7 रानियां से काबू किया है। वहीं चोपटा थाना पुलिस ने सुरेंद्र कुमार पुत्र दलीप सिंह निवासी चाहरवाला को उसी के गांव से 24 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने गश्त के दौरान अभिषेक पुत्र विक्रम निवासी सेक्टर 20 हुडा कॉलोनी सिरसा को 40 बोतल अवैध शराब के साथ ग्लोबल स्पेस सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। बडागुढा थाना पुलिस ने जगदीश पुत्र लाभ सिंह निवासी पंजुआना को उसी के गांव से 13 बोतल अवैध शराब, देशराज पुत्र मुंशी राम निवासी भावदीन को डिंग थाना पुलिस ने 14 बोतल अवैध शराब के साथ गांव भावदीन क्षेत्र से काबू किया है।

---

# जनता के बीच जाएंगे रिटायर्ड कर्मचारी

- पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार के प्रति विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद की बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मपाल यादव ने की व संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया। बैठक में चर्चा के बाद फैसला लिया गया कि रिटायर्ड कर्मचारी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाकर अपनी सांगठनिक ताकत मजबूत करेगा। इसके अलावा 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके अलावा नई पेंशन स्कीम रद्द कर पुरानी पेंशन बहाल करने, सभी के लिए शिक्षा एवं ईलाज की सुविधा, पक्की नौकरी का प्रबंध, निजीकरण पर रोक, 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने, लेबर कोड रद्द करने आदि मुद्दों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी भाजपा सरकार के खिलाफ जनता के बीच जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव बेगराज ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। देश के सार्वजनिक क्षेत्र को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। मजदूरों/ कर्मचारियों के कानूनों को बदल कर 4 लेबर कोड लागू करके मालिक परस्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति 2020 लागू करके शिक्षा का बाजारीकरण कर रही है। प्रदेश में मर्जर के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किया जा रहा है। स्वास्थ्य ढांचे में पीपीपी लागू कर अस्पतालों को पंगु बनाया जा रहा है। संघ ने मांग की कि किसानों समेत सभी संगठनो के साथ मिलकर बातचीत के माध्यम से उनके मुद्दों का समाधान किया जाए। किसानों, मजदूर व कर्मचारियों पर बनाए गए झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं।

---

# नप अधिकारियों ने जारी किया यूनिपोल का वर्क ऑर्डर

- एक हफ्ते में लगा दिया टेंडर, नियमों के विपरित 20 सालों का लगाया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के बाद भी न तो प्रशासनिक तंत्र इस ओर गौर कर रहा है और न सरकार। हाल ही में नगर परिषद की ओर से आचार संहिता के बावजूद आनन-फानन में शहर में यूनिपोल का वर्क ऑर्डर अपने चहेतों को जारी कर दिया, जिसमें बड़े स्तर पर गोलमाल किया गया है। वेद भाट ने बताया कि नगर परिषद ने 20 साल के लिए यूनिपोल का टेंडर अपने चहेतों को दे दिया, जबकि सरकार की नियमावली के तहत 3 साल से अधिक किसी को टेंडर अलॉट नहीं किया जा सकता।



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते वेद भाट।

### शहर के विकास के नाम पर विनाश किया जा रहा

यही नहीं टेंडर का रेट भी पूर्व के रेटों से कम देकर उसमें भी अधिकारियों ने गड़बड़ी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि इससे पहले 3 साल तक इन यूनिपोल का टेंडर नहीं हुआ और उसकी कमाई कहां गई, ये भी जांच का विषय है। उन्होंने शहर के एक भाजपा नेता की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वो शहर में गलियों व विकास कायोंर् के नारियल किस आधार पर तोड़ रहा है। शहर के विकास के नाम पर विनाश किया जा रहा है। यही नहीं जब भी कोई उक्त भाजपा नेता के खिलाफ आवाज उठाता है तो आवाज उठाने वाले पर अनेक प्रकार के लांछन लगाए जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से भी मांग की है कि इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जाए और भाजपा नेता की बजाय अधिकारियों द्वारा ही विकास कायारें की रूपरेखा तैयार करवाई जाए। भाट ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से शहर में नगर परिषद की ओर से किए जा रहे भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने 8 आरटीआई भी लगाई हुई थी, लेकिन नप अधिकारियों ने अपनी मर्जी से ही बिना उन्हें जांच में शामिल किए शिकायतों को बंद कर दिया, ताकि उनके नकाब से पर्दा न उठ सके। भाट ने कहा कि अगर उनके आरोप गलत पाए जाते हैं तो तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज की जाए और अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए।

---

# विप्र सेना के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। विप्र सेना के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाते हुए।

विप्र सेना की फतेहाबाद कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक विज्ञान प्रेमानंद महाराज, सिरसा से प्रदेश संरक्षक पंडित कमल किशोर व प्रदेशाध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने संयुक्त रूप से की। प्रदेश महासचिव हरीश शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को पटके पहनाकर स्वागत किया। जिला फतेहाबाद में विप्र सेना की कार्यकारिणी को प्रदेश प्रभारी रामानंद शास्त्री ने शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की एकता, आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ब्राह्मण समाज की भागीदारी को लेकर, समाज के युवाओं की समस्याओं, आर्थिक स्थिति से कमजोर ब्राह्मण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सभी ने शपथ ली कि एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनकर एकता के सूत्र में बंधकर रहेंगे। रामानंद शास्त्री ने कहा कि विप्र सेना के संगठन कायारें को जल्द गति दी जाएगी।

---

# अनजान नंबर से की गई वीडियो कॉल से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने बताया कि अनजान नंबर से आया वीडियों कॉल आप पर भारी पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि तकनीक के इस युग में हर कोई इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड करने वालो ने लोगों को ब्लैकमेलिग करने का नया तरीका अपना लिया है। साइबर अपराधी पहले अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करते हैं।

### साइबर ठगी से बचने को अपनाएं ये सावधानियां

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया अकाउंट के प्रोफाइल को हमेशा लॉक रखें व अपने फेसबुक प्रोफाईल पर प्राइवेसी सेटिंग लगा के रखें। अंजान नम्बर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करें। अगर कॉल रिसीव कर ली गई है तो मोबाइल का कैमरा फ्रंट की बजाय रियल मोड पर कर दें। सोशल मीडिया अकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम) अन्य अकाऊंट में किसी अंजान लड़की की भेजी हुई फेंड रिक्वेस्ट स्वीकार ना करें। अगर आपकी वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर दी गई है तो उसकी रिपोर्ट कर दें ऐसा करने से यूट्यूब उस वीडियों को यूट्यूब से हटा देगी।

---

बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग दिखाएगा सख्ती

# जाखल खंड में मात्र 7 स्कूल ही मान्यता प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

खंड में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग पूरी तरह से सख्त हो गया है। इन दिनों स्कूलों की संख्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है, कस्बा सहित क्षेत्र में बिना मान्यता के निजी स्कूल चल रहे है। जिला प्रशासन के सख्त आदेशों के बावजूद भी अनेक निजी स्कूल बिना मान्यता के बेरोकटोक संचालित हो रहे है। कई स्कूल संचालकों ने तो प्ले स्कूल की मान्यता लेकर पांचवी, आठवीं से आगे तक के दाखिले करवाए जा रहे है। बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूल संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अक्सर देखने में आया है कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूल अधिकतर कस्बों व गांवों में चल रहे हैं। भले ही इनके पास मान्यता न हो, लेकिन इनके पास विद्यार्थी 12वीं तक के पाए जाते है। ये स्कूल संचालक किसी दूसरे स्कूल से सांठगांठ कर अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन उनके यहां करवाते हुए बोर्ड की परीक्षा दिला देते हैं।



जाखल। खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष भाम्भू।

### रिहायशी कॉलोनियों में धड़ल्ले से चल रहे प्ले स्कूल

गैर मान्यता और अस्थायी मान्यता वाले स्कूलों पर शिक्षा विभाग का शिकंजा कस रहा है तो वहीं प्ले स्कूलों की भी बाढ़ सी आ गई है। रिहायशी मकानों और इलाकों में प्ले स्कूल खुल गए हैं, जिनके संबंध में मान्यता व छोटे बच्चों की सुरक्षा के मानक भी दांव पर लगे हैं। ऐसे में यह स्कूल संचालक बच्चो का दाखिला करवाकर उनके भविष्य के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ किया जा रहा है।

### क्या कहते है खंड शिक्षा अधिकारी

जब इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष भांभू से बात की गई तो उन्होंने बताया की इस बारे में उन्हें पिछले दिनों से ही शिकायत मिल रही है, इसे लेकर बीते दिनों एक स्कूल को नोटिस जारी कर जबाब भी मांगा गया है। आने वाले दिनों में खंड में ऐसे स्कूल संचालकों पर सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है की बच्चो का दाखिला मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही करवाए ताकि भविष्य में किसी भी तरह की कोई परेशानी न आए।



दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

## गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

## 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

## इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

## कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

### विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

जॉब ट्रेंड्स

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

करियर डेस्क

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।



## क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।

## जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

## फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

## बेस्ट इंस्टिट्यूट

दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

## एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।



## एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

## एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

## एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

## एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

## पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है , वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए , पैसा , कपड़े , किताबे, बाइक , कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं । यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया , बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया , दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर , जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

## इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स , अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं , हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### सिसाय में सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 10 टेबलेट चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोर सिसाय कालीरामण गांव के राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल सिसाय कालीरामण से 10 टेबलेट चुरा कर ले गए। पुलिस ने स्कूल प्राचार्या की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल प्राचार्या डिंपल ने कहा स्कूल में पीजीटी हिंदी सतेंद्र सिंह टेबलेट व पुस्तकालय के इंचार्ज हैं। बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में उनकी ड्यूटी बतौर केंद्र अधीक्षक लगी हुई थी। दो अप्रैल को वह पुस्तकालय में किताबें रखने गए तो कमरे के दरवाजे पर लगाया गया ताला टूटा हुआ मिला।

### अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** वाहन चोरी निरोधक टीम हांसी पुलिस ने एक व्यक्ति को 24.5 बोतल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जमावड़ी निवासी रविंद्र उर्फ मोदी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित किया गया। वाहन चोरी निरोधक टीम हांसी पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही राकेश कुमार ने बताया कि वाहन चोरी निरोधक टीम ने गश्त के दौरान बरवाला रोड स्थित राजकीय कॉलेज के पास से एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास देसी शराब की 24.5 बोतल बरामद हुई।

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व नवरात्रे की तैयारियों जोरों पर

**हिसार।** प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व नवरात्रों को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यहां पर 9 अप्रैल को हिन्दू नववर्ष व नवरात्रे धूमधाम से मनाए जाएंगे। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि 9 अप्रैल को मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दिन श्रद्धालु अपने घरों से लाए हुए निशान माता के दरबार में अर्पित करेंगे। इसके साथ-साथ मंदिर से अखंड जोत लेकर वे अपने-अपने घरों में नौ दिनों तक दीप प्रज्जवलित करेंगे।

### खराब सड़कों को ठीक करने का काम हुआ शुरू

**हिसार।** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण दो दिन पूर्व सैक्टर-13 की खस्ता हाल सड़कों को लेकर निगम अधिकारियों से मिले थे जिस पर अधिकारियों ने 2 दिन में सैक्टर की सड़कों को ठीक करने का कार्य शुरू करने की बात कही थी। जितेंद्र श्योराण ने बताया कि शुक्रवार को निगम के ठेकेदार द्वारा सैक्टर में सड़क की मीलिंग का काम विधिवत से शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रसाद बांटकर कार्य की शुरुआत की गई।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 3 युवकों से की ठगी

**हांसी।** सरकारी लगवाने के नाम पर तीन युवकों से 7 लाख 75 रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित फतेहाबाद जिले के गांव छिंदर निवासी सतबीर के बयान पर आदर्श कालोनी निवासी सुनील के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 तथा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सतबीर ने बताया कि वह फतेहाबाद जिले के गांव छिंदर का रहने वाला है और बेरोजगार होने के कारण सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था।

---

### पुलिस ने करीब 170 किसानों को हिरासत में लिया

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किसान संगठनों ने किया विरोध

- 90 किसानों को हिरासत में ले लिया

हरिभूमि न्यूज. रतिया/जाखल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रतिया में आयोजित कार्यक्रम को लेकर किसान संगठन के लोग रैली स्थल के लिए आगे बढ़े तो पुलिस ने हैलीपेड के रास्ते में बेरिकेड लगाकर किसानों को वहीं रोक दिया और करीब 90 किसानों को हिरासत में ले लिया। इन किसानों को फतेहाबाद पुलिस लाइन भेजा गया। दूसरी ओर गांव नथवान से सीएम का विरोध करने आए किसानों को भी टोहाना रोड बाईपास के पास पुलिस प्रशासन ने रोक लिया। पुलिस द्वारा रोकने पर किसान वहीं सड़क पर लेट गए वहीं कुछ किसान आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए बसों में डालकर करीब 80 किसानों को कुलां चौकी भेज दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शुक्रवार को शहर की अनाज मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली में किसानों के विरोध प्रदर्शन के ऐलान देखते हुए पुलिस प्रशासन ने वीरवार रात से ही रैली स्थल, हेलीपैड वाले रास्ते सहित अन्य मुख्य रास्ता पर भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां और भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ किसान संगठन के सदस्य शुक्रवार सुबह ही हेलीपैड के रास्ते के फतेहाबाद रोड सागर पैलेस के बाहर एकजुट हो गए।




रतिया। सीएम का विरोध करने आए किसानों को हिरासत में लेते पुलिस कर्मचारी।

किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद करते हुए किसानों को हेलीपैड के रास्ते से पहले ही रोक दिया और किसानों को आगे जाने से रोक दिया। जैसे ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का काफिला किसान संगठनों से थोड़ा आगे निकला तो किसान संगठनों ने काले झंडे लहराने शुरू कर दिए और मुख्यमंत्री के काफिले के पीछे जाने लगे। किसानों के आगे निकलने पर पुलिस प्रशासन ने वहां मौजूद बसों को किसानों के आगे खड़ा करते हुए उन्हे गिरफ्तार कर लिया और करीब 90 किसानों को दो बसों में बिठाकर फतेहाबाद पुलिस लाइन ले गए। पुलिस द्वारा विरोध करने पर गिरफ्तार किए गए किसान नेता जरनैल सिंह मलवाला, राजविंदर चहल, राम जाट, निर्भय सिंह, अमन रतिया ने भाजपा सरकार पर किसानों की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह तानाशाह सरकार बोलने पर गोली मारने और गिरफ्तार करने जैसे कार्य कर रही है लेकिन देश का किसान ना डरेगा ना झुकेगा बल्कि अपने हक की लड़ाई के लिए लड़ता रहेगा।

#### नथवान से चले किसानों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया

**रतिया/जाखल।** दूसरी तरफ पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के किस सदस्य गांव नथवान के पंचायत घर में संगठन संयोजक मनदीप सिंह की अगुवाई में एकजुट होकर मुख्यमंत्री की रैली में पहुंच कर किसानों की मांगों से संबंधित सवाल पूछने के लिए गांव नथवान से पैदल रवाना होने लगे तो टोहाना रोड बाईपास के पास पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक लिया पुलिस प्रशासन द्वारा पगड़ी संभाल जट्टा के किसानों को रोकने पर अनेकों किसान सड़क पर ही लेट गए और कुछ किसान आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए बसों में डालकर करीब 80 किसानों को कुला चौकी भेज दिया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के संयोजक मनदीप सिंह ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह किसानों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से किसानों की मांगों को लेकर सवाल-जवाब करने रैली में जा रहे थे कि भाजपा सरकार की तानाशाही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करके अपनी किसान विरोधी सोच का परिचय दिया है जिसका मुंह तोड़ जवाब आने वाले समय में किसान संगठन द्वारा दिया जाएगा।

---

## किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप नहीं खोला जा सकता चुनाव कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनाव कार्यालय खोलने के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत करवाते हुए कहा है कि कोई भी राजनीतिक पार्टी या उसका उम्मीदवार चुनाव प्रचार कार्यालय लोकसभा चुनाव के लिए निर्धारित किये गये किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में नहीं खोल सकता है। उन्होंने कहा कि अस्थाई चुनाव कार्यालय खोलने के लिए सार्वजनिक एवं निजी जमीन का प्रयोग कब्जे के रूप में ना किया जाए और किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में कार्यालय नहीं खोला जाये। उन्होंने बताया कि कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप भी नहीं खोला जा सकता।

#### बैनर और होर्डिंग के लिए बताए गए नियम

सभी राजनीतिक पार्टियों के अस्थाई चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का चुनाव चिह्न और फोटोग्राफ वाला केवल एक झंडा और बैनर लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव कार्यालय में प्रयोग किये जाने वाला बैनर चार बाई आठ फुट से ज्यादा बड़ा नहीं हो सकता। अगर प्रशासन द्वारा बैनर और होर्डिंग के लिए छोटा आकार निर्धारित किया जाता है तो पार्टियों को उसी साईज के हिसाब से बैनर अथवा होर्डिंग बनवाने होंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किसी की निजी भूमि, भवन आदि पर उसके मालिक की अनुमति के बिना झंडा, नोटिस, नारे, होर्डिंग और पोस्टर आदि का प्रयोग भी नहीं किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्यालयों या किसी अन्य स्थान पर चुनाव प्रचार के लिए सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है और लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति संबंधित एसडीएम से लेनी अनिवार्य है।

---

## वर्कशॉप में घुसकर युवक पर बोला हमला

- सोने की चैन व नकदी छीनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

योग नगर स्थित एक वर्कशाप में घुसकर कुछ लोगों द्वारा एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने हमलावरों पर उसकी सोने की चैन और नकदी छीनने का भी आरोप लगाया है।

पुलिस ने इस बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में गांव बनगांव निवासी शमशेर ने कहा कि उसने योग नगर फतेहाबाद में वर्कशॉप खोल रखी है। दोपहर को वह बनगांव के ही अमित के साथ वर्कशॉप में काम कर रहा था। इसी दौरान दो गाड़ियों में कुछ लोग सवार होकर आए। इनमें से राहुल उर्फ डोगर निवासी बनावाली के पास बंदू, मुकेश कस्वां निवासी दैयड़ के पास पिस्टल थी। इनके साथ अनिल कस्वां निवासी दैयड़ व 4-5 अन्य लोग भी थे। इन लोगों ने आते ही उसके साथ गाली गलौच करना और मारपीट करनी शुरू कर दी।

शमशेर ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसे गले में पहनी सोने की चैन तोड़ ली और उसकी जेब से 7500 रुपये की नगदी भी निकाल ली। इसके बाद उक्त लोगों ने पिस्तौल दिखाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और गाड़ी लेकर फरार हो गए। बाद में उसने इस बारे डायल 112 पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घायल युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## सुलखनी में आक्रोशित महिलाओं ने बूस्टिंग स्टेशन पर जड़ा ताला

- पीने के पानी की समस्या को लेकर जलघर पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. बरवाला

गांव सुलखनी में पीने के पानी के घोर संकट और दूषित पीने के पानी की सप्लाई के चलते आक्रोशित ग्रामीण महिलाएं जलघर पहुंची। जलघर में पहुंचकर इन आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया और बुस्टिंग स्टेशन के गेट पर ताला जड़ दिया। महिलाओं ने बताया कि गत दो-तीन महीनों से गांव में पीने के पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है और जो कभी कभार पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है वो भी दूषित पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके चलते गांव सुलखनी में बीमारियां पनपने का अंदेशा बना हुआ है।

पेयजल संकट होने से ग्रामीण महिलाएं दूर-दराज से अपने-अपने सिरों पर पानी से भरे मटके ढ़ोने पर विवश हो रही है। इस गंभीर समस्या के समाधान बारे संबंधित विभाग के एसडीओ और जेई को कई बार गुहार लगायी जा चुकी है।

जब इस बारे सरपंच प्रतिनिधि विकास रेहलन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इन ग्रामीण महिलाओं को एक-दो दिनों में संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से पीने के पानी की समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया था। परंतु ये ग्रामीण महिलाएं नहीं मानी और इन महिलाओं ने जल घर पहुंच कर बुस्टिंग स्टेशन पर ताला जड़ दिया।

#### जल्द होगा समाधान : जेई

*जब इस बारे जेई राजकुमार मित्तल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव सुलखनी में 15-20 घरों में पीने के पानी की सप्लाई नहीं जा पा रही है। उन 15-20 घरों के लिए पीने के पानी की सप्लाई के लिए पाइप भेज दिए गए हैं। एक-दो दिनों में वहां पर पीने के पानी की समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।*

---

## नेशनल चैम्पियन का स्कूल में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- चैंपियनशिप में 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जम्मू यूनिवर्सिटी में 6 दिवसीय 23वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशु खेल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में शांति निकेतन सीनियर सैकेंड्री स्कूल, ढिंगसरा से कक्षा दसवीं के विद्यार्थी आर्यन पुत्र राकेश कुमार निवासी बनगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आज विजेता छात्र का स्कूल पहुंचने पर स्कूल मैनेजमेंट और स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। शांति निकेतन स्कूल के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने प्रार्थना सभा के दौरान छात्र आर्यन को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रण सिंह रेपस्वाल ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी व उड़ीसा आदि राज्यों से लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा में गोल्ड मेडलिस्ट छात्र आर्यन का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

जिले के लिए खुशी की बात है कि उनके स्कूल के छात्र आर्यन ने इन सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपने गांव, क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी हमारे विद्यालय से बहुत से छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहरा चुके है। प्रधानाचार्य ने छात्र आर्यन व उनके अभिभावकों को बधाई दी और घोषणा करते हुए कहा कि आज से इस विद्यालय का कोई भी छात्र अगर राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त करता है तो उसकी फीस नही ली जाएगी, जिसकी शुरूआत उन्होंने छात्र आर्यन से की। उन्होंने कहा कि बच्चों व स्टाफ की मेहनत ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी शिक्षा व कला सिर्फ शहरों में ही नहीं बल्कि गांव में भी प्रतिभाएं हैं लेकिन प्रतिभाओं को निखारने के लिए मंच मिलना जरूरी है। यह मंच शांति निकेतन स्कूल ढ़िगसरा आपको उपलब्ध करवा रहा है और हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान किए जाते है, ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।

---

## हर शुभ अवसर पर गौशालाओं में जाकर गौसेवा अवश्य करें

- काजलहेड़ी गौशाला में चल रही गौकथा में हुए शामिल, गौशाला प्रांगण में पौधारोपण का गौसेवा में सवामणी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव काजलहेड़ी की श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला में चल रही श्री धेनू मानस गौकथा के समापन समारोह में प्रमुख समाजसेवी एवं फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने भाग लिया। कथा के अंतिम दिन स्वामी राजेन्द्रानंद जी महाराज ने ग्रामवासियों को गौसेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी मनुष्य भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम करता है, उसके लिए गौमाता सबसे बड़ा धन है। स्वामी जी से आशीर्वाद लेते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है। ऐसी मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है। गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। गाय की सेवा करने से जहां सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, वहीं घर में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने अपने भांजे रितिक मांझू खजूरी जाटी के जन्मदिन पर गौशाला प्रांगण में पौधारोपण किया और सवामणी भी लगाई। इस अवसर पर उनके साथ हिसार बिश्नोई सभा के पूर्व प्रधान और आदमपुर से विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रहे प्रदीप बैनीवाल भी मौजूद रहे। गौकथा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि हर शुभ अवसर पर हमें न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए पौधारोपण करना चाहिए बल्कि गौशालाओं में जाकर गौसेवा में सवामणी अवश्य लगानी चाहिए। इससे गौमाता का आशीर्वाद हमारे परिवार पर बना रहता है। गौ माता के दर्शन मात्र से समस्त देवताओं के दर्शन एवं समस्त तीर्थों का पुण्य भी प्राप्त हो जाता है।



फतेहाबाद। गौकथा समारोह को संबोधित करते अनिल ज्याणी।

#### पर्यावरण के प्रति जागरुकता जरूरी

अनिल ज्याणी ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वषार्ें पूर्व पेड़ों को कटने से बचाने के लिए बिश्नोई समाज के 363 लोगों ने अपना बलिदान दे दिया था जोकि विश्व में सबसे अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यदि आज हम पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक नहीं हुए तो इसका खामियाजा हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। गौशाला कमेटी सदस्यों ने मुख्यअतिथि अनिल ज्याणी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रतन सिंह काजल, रामनिवास गोदारा, उग्रसैन भादू, कुलदीप कड़वासरा, बिश्नोई सभा बोस्ती के प्रधान रामस्वरूप डारा, छबील ईसरवाल, राजाराम गोदारा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## सिरसा बहुतकनीकी कालेज के 9 छात्रों का नौकरी के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय बहुतकनीकी सिरसा की मैकेनिकल इंजनियरिंग के 9 विद्यार्थियों का चयन कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में जूनियर इंजीनियर के पद पर आकर्षक पैकेज करीब 40 हजार रुपये मासिक वेतन पर हुआ है। चयन की इस कठिन प्रक्रिया में पहले ऑनलाइन लिखित परीक्षा के आधार पर छात्रों की छंटनी हुई और इसके पश्चात अंतिम साक्षात्कार के आधार पर छात्रों का चयन हुआ जो कि राजकीय बहुतकनीकी नीलोखेड़ी में बीती 20 मार्च को संपन्न हुआ। छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे संस्थान में खुशी का वातावरण है और चयनित छात्रों को बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। गौरतलब है कि इनमें से अधिकांश छात्र मध्यम आर्थिक पृष्ठ भूमि से हैं और उनकी यह उपब्धि कई गरीब घरों के छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहेगी। छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार जिंदल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष सुभाष चंद्र, वरिष्ठ अध्यापक राजेंद्र कुमार तायल, टीपीओ डा. संजीव कुमार टुटेजा, एटीपीओ अभय तिवारी, व अन्य शिक्षकगणों को दिया है।

---

## प्लेसमेंट ड्राइव से रोजगार और नए अनुभव का मिलता है अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय की प्लेसमेंट सैल द्वारा अध्यापकों के चयन के लिए विभिन्न स्कूलों में छात्र अध्यापकों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए एक दिवसीय साक्षात्कार प्रोग्राम हुआ जिसमें कॉलेज के बीएड द्वितीय वर्ष एवं एमएड के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के साथ पास आउट कर चुके छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा थे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने की। डॉ. जयप्रकाश ने साक्षात्कार के लिए आए विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक सदस्यों एवं प्राचायोंर् का स्वागत करते हुए कहा कि जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय का प्लेसमेंट सेल छात्रों को रोजगार दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है। डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

#### प्लेसमेंट ड्राइव में 72 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हर एक छात्र को इस अवसर को पूरी तरह से समझना चाहिए, और इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव विधार्थियों को रोजगार का अवसर प्रदान करता है जो आपके करियर की शुरुआत के लिए महत्वपूर्ण होता है। ढींडसा ने कहा कि चौ. देवीलाल का एक सपना था कि प्रत्येक व्यक्ति को उत्तम शिक्षा के साथ उनको रोजगार भी उपलब्ध हो। जननायक चौ. देवीलाल विद्यापीठ की प्रबंधन कमेटी का सदैव ही प्रयास रहा है कि विद्यापीठ के विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा, अच्छे संस्कार वह बेहतर रोजगार उपलब्ध हो। प्लेसमेंट सैल के प्रभारी डॉ. सतनारायण ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दि सिरसा स्कूल, स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अरनियांवाली, सतलुज पब्लिक स्कूल, श्री बालाजी स्कूल, जीनियस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,अकाल अकादमी ऐलनाबाद के अलावा अन्य विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि एवं प्राचार्यगणों द्वारा छात्र-अध्यापकों का साक्षात्कार लिया।

---

### एमएम कॉलेज में वोटर जागरूकता को लेकर कार्यक्रम

## युवाओं को समझनी होगी अपने वोट की ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरकार बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का वोट मूल्यवान होता है। मतदाता के एक वोट से सरकार बनती और बिगड़ती है। प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष तरीके से मतदान करना चाहिए और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह बात पूर्व रजिस्ट्रार एवं लोक प्रशासन विभाग, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के प्रोफेसर आरके सिवाच ने फतेहाबाद के मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज में वोटर जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजीव बत्रा ने की। कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष सुरेन्द्रपाल सिद्ध, डॉ. नरेन्द्र कुमार, प्रो. बलवान, प्रो. सनप्रीत, प्रो. गुरप्रीत, प्रो. सुमन ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ममता स्वामी द्वारा किया गया।




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में मुख्य वक्ता प्रो. आरके सिवाच का स्वागत करते प्राचार्य।

#### मतदान का किया आह्वान

हरियाणा में 25 मई को होने वाले चुनाव में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक भागीदारी करने का आह्वान करते हुए प्रो. आरके सिवाच ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने युवाओं को निर्भीक होकर, जात-पात, धर्म से ऊपर उठकर बिना किसी प्रलोभन के वोट डालने के लिए प्रेरित किया। एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा व डॉ. नरेन्द्र कुमार ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि कॉलेज में युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर पिछले कई दिनों से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके कॉलेज के विद्यार्थियों के वोटर कार्ड भी बनवाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### नागपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**रतिया।** नेहरू युवा केंद्र व खेल मंत्रालय द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार ब्लॉक नागपुर में स्वयंसेवक अमरजीत व केसर सिंह द्वारा बस स्टैंड पर मतदाता जागरूकता कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम में स्वयंसेवक अमरजीत व केसर सिंह ने लोगों को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

### ड्रग अवेयरनेस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**सिरसा।** ड्रग अवेयरनेस पर पोस्टर मेकिंग का आयोजन राजकीय नेशनल कॉलेज के मनोविज्ञान विषय परिषद की ओर से शुक्रवार को करवाया गया। मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरनाम सिंह ने बच्चों को नशे से दूर रहने के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के और एमए के विद्यार्थियों की कुल 8 टीमों ने भाग लिया।

### चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज

**सिरसा।** चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि के अवसर पर 6 अप्रैल शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। युवा इनेलो जिलाध्यक्ष भगवान कोटली ने बताया कि रक्तदान शिविर से पहले सुबह 8 बजे जननायक चौ. देवीलाल विद्यापीठ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। जेसीडी स्टाफ एवं विद्यार्थियों सहित इनेलो कार्यकर्ता चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देंगे।

### बसपा ने शुरू की चुनावी तैयारियां

**सिरसा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा सिरसा लोकसभा की पांच विधानसभाओं में बैठक हुई जिसमें लोकसभा प्रत्याशी के चयन को लेकर चर्चाएं की गई। जिलाध्यक्ष भूषण बरोड़ व जिला प्रभारी प्रेम राठी ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है। शीघ्र ही प्रत्याशियों का ऐलान होगा।

### बसंतीय नवरात्रे महोत्सव 9 अप्रैल से

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक बसंतीय नवरात्रे महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि इन 9 दिनों तक किसी भी भक्त ने पूजन करवाना है तो मंदिर के पुजारी से संपर्क कर सकता है। पूजन का समय सुबह 8 बजे रहेगा।

### परीक्षा में अव्वल रहे छात्रों को नवाजा

**सिरसा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी बड़ेचा सिंह में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजसेवी डा. गुरचरण सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर डा. गुरचरण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की हौंसलाफजाई में काफी कारगर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्त्रम आयोजित होते रहें, जिससे कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके।

### आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के बैनर के तले किया प्रदर्शन

# अनाज मंडी में रही हड़ताल, आढ़तियों ने मांगों को लेकर निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। अनाज मंडी में धरना देते आढ़ती।

गेहूं पर पूरी दामी देने तथा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करवाने की मांग पर आंदोलन कर रहे आढ़तियों ने आज धरना-प्रदर्शन के आखिरी दिन सिरसा की अनाजमंडी में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष मार्च निकाला। रोष मार्च के बाद आढ़तियों ने लघुसचिवालय पहुंचकर उपायुक्त की गैर मौजूदगी में डीडीपीओ अनूप सिंह को सीएम हरियाणा के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। रोष मार्च में आढ़तियों के साथ ही कॉटन मिलर्स एसोसिएशन, राइस मिलर्स, मंडी मजदूर यूनियन, दलाल एसोसिएशन तथा मुनीम एसोसिएशन ने भी भाग लिया। आंदोलन के आखिरी दिन आज आढ़तियों ने मंडी में पूर्ण रूप से हड़ताल रखी। खास बात तो यह रही कि कंडा छोड़ हड़ताल में मंडी में स्थित सहकारी समिति की दुकान पर भी किसी माल की तुलाई नहीं हुई। किसान भी अपनी उपज लेकर मंडी में नहीं आए। आज सुबह आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के बैनर के नीचे मंडी के आढ़ती मार्केट कमेटी कार्यालय के आगे एकत्र हुए तथा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने किया। उसके बाद सैकड़ों आढ़ती नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में मंडी का राउंड करने के लिए रवाना हुए। आढ़तियों ने सिरसा अनाजमंडी, एडिशनल मंडी, सेकंड एडिशनल मंडी, एससीएफ मंडी, स्टेडियम रोड व कपास मंडी का दौरा किया और नारेबाजी की। इसके बाद बड़ी संख्या में आढ़ती लघुसचिवालय पहुंचे जहां पर उपायुक्त की गैर मौजूदगी में डीडीपीओ अनूप सिंह को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। डीडीपीओ ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सीएम कार्यालय को भेज दिया जाएगा। इससे पूर्व प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि 1 अप्रैल से शुरू किया गया धरना प्रदर्शन आज खत्म हो गया है, मगर जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी, आगे भी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे स्टेट कमेटी से मांग करेंगे कि आढ़तियों द्वारा गेहूं तुलाई करवाना बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार आढ़तियों के साथ 'यादती कर रही है और उनके कारोबार को बंद करने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कहा की काफी वर्षोंर् सें किसान, आढ़ती और मजदूर के रिश्ते को तोडऩे का सरकार प्रयास कर रही है। यदि आढ़त का काम बंद हो गया तो हरियाणा के 25000 आढ़ती और उनके साथ साथ लाखों मुनीम मजदूर भी बेरोजगार होकर अपने घरों को बैठ जायेंगे। प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया पिछले काफी वर्षोंर् से हमारा संघर्ष जारी है लेकिन सरकार अपनी जिद्द पर अड़ी हुई है। आढ़तियों की मांग है कि किसानों की सभी फसलें जैसे कॉटन, सरसो, सूरजमुखी,बाजरा इत्यादि और अन्य सभी फसले सरकार द्वारा एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से ही खरीदी जाए और आढ़त पूरी 2.5 प्रतिशत मिलनी चाहिए।

### आढ़ती बोले, उनके साथ हो रहा अन्याय

उन्होंने कहा कि सरसो और कॉटन फसलें सरकार हैफेड और कॉटन कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के माध्यम से सीधे किसानों से खरीद रही है जिससे आढ़ती का कोई कमीशन नहीं बन रहा है जो कि आढ़तियों के साथ अन्याय है। इससे आढ़तियों मे बहुत रोश है। अतइ सरकार से निवेदन है कि सभी फसलें आढ़तियों के माध्यम ही खरीदी जाए और पूरी 2.5 प्रतिशत आढ़त अदा की जाए या सरकार सरसों और कॉटन को भी भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत खरीद करें जिससे कि हमारी मंडिया खत्म होने से बच सकें। इस मौके पर उपप्रधान प्रेम बजाज, सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सह सचिव महावीर शर्मा, उपाध्यक्ष सुशील कस्वां, बाबा रामदास, सुरेंद्र मिचनाबादी, हरदीप सरकारिया, विजय चौधरी, चिमन मोंगा, धर्मपाल जिंदल, हनीश गर्ग, नरेश मक्कड़, उपप्रधान कृष्ण गोयल, सुशील रहेजा, केहर सिंह, धर्मपाल मेहता, राजकरण भाटिया, राजेश कुमार बिट्टू, अंकित अरोड़ा, संजय जैन, नरेंद्र धींगड़ा व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। कांग्रेस का न्यायपत्र जारी करते पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा।

# भाजपा ने लोकतंत्र को किया खोखला : प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पूर्व सीपीएस ने फतेहाबाद में कांग्रेस के न्यायपत्र 2024 को किया जारी, न्यायपत्र में शामिल 10 संकल्पों बारे दी जानकारी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनावों को लेकर आज फतेहाबाद में अपना घोषणा पत्र 'न्यायपत्र 2024' को जारी किया गया। इस घोषणा पत्र में कांग्रेस द्वारा न्याय का संकल्प लेते हुए कई अहम घोषणा की गई है। हिसार रोड स्थित गिलांखेड़ा संवाद भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने घोषणा पत्र में कांग्रेस के न्यायपत्र में शामिल मुद्दों बारे जानकारी दी। इस अवसर पर कृष्णा पुनिया, स. गुलबहार सिंह एडवोकेट, गोपाल चौधरी, आनंदवीर सिंह गिल्लाखेड़ा, विरेन्द्र एडवोकेट, नरेश सोनी एडवोकेट, हरजंत सिंह सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्याय के कई संकल्प लिए गए हैं। इनमें हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, संविधान न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय एवं पर्यावरण न्याय के तहत जनता से जुड़े तमाम मुद्दों को इसमें उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अपनी 18 साल की यात्रा में कांग्रेस देश के सभी लोगों की समस्याओं, विकास, आकांक्षाओं, आशाओं और उम्मीदों के साथ खड़ी रही है।

उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले कांग्रेस ने मोदी सरकार को लेकर जो चेतावनी दी थी, वो आज सही साबित हुई है। युवाओं की नौकरियां चली गई है। किसान आशा और विश्वास खो चुके हैं। जीएसटी से व्यापारियों का व्यापार चौपट हो गया है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम बंद हो चुके हैं। महिलाओं में असुरक्षा की भावना है। 2014 से 2022 के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ गए है। सरकारी संस्थानों की स्वतंत्रता खत्म हो गई है। संवैधानिक निकायों सहित प्रत्येक संस्था को कमजोर कर दिया गया है।

# खेलकूद विधार्थी जीवन का हिस्सा

- राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



सिरसा। प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागी।

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक समिति चैयरमैन सूरजभान बुमरा, सरपंच प्रतिनिधि दिलीप सिंह, वेद जांगड़ा, एसएमसी और स्टाफ सदस्य द्वारा रिबन काट कर किया। चैयरमैन सूरजभान ने कहा कि खेलकूद जीवन का एक हिस्सा है और इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, वह शरीर स्वस्थ रहता है बच्चों ने आए हुए गणमान्यों के सामने छोटी-छोटी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी,जिसे देखकर के सभी मंत्रमुग्ध हो गए। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए अध्यापक विजय सिंह ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में चार हाउस के बीच में प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें थ्री लेग रेस वन लेग रेस, मटका दौड़ ,नींबू रेस,सुई धागा रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता की प्रस्तुति विद्यालय अध्यापिका शारदा की देखरेख में दी गई। इस अवसर पर वेद जांगड़ा विश्वकर्मा वेल्डिंग वर्क्स चोपटा द्वारा बच्चों को रिफ्रेशमेंट के तौर पर फ्रूट वितरित किए गए। विद्यालय परिवार की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य विजय सिंह ,रविंदर, मोहनलाल ,सुरेंद्र, सलिमद्दीन, रणवीर, शारदा रानी, मनीषा, प्रहलाद सिंह, सुनील कुमार ,सुनीता रानी, राजबाला और गांव से जसवंत, सोनू स्टूडियो, सरवन,एसएमसी प्रधान महेंद्र,सुनील कुमार मोहन लाल छबीलदास वजीर आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब बेचने वालों पर पैनी नजर

- उपायुक्त आर .के सिंह ने किया बूथों व एल-1 तथा एल-13 स्टॉकों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते उपायुक्त।

लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की हर गतिविधि पर पूरी तरह से नजर रखी जाए और जिला के साथ लगते राज्यों विशेषकर पंजाब सीमा पर नाके लगाकर कड़ी निगरानी के साथ-साथ पूरी एहतियात बरतें। किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके संबंध में उन्होंने संबंधित ऐजेंसी व कॉंट्रेक्टर के साथ बैठक कर उन्हें जरुरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीएसपी जगत सिंह, डीटीसी आलोक पाशी, डीटीसी जीएसटी अंजू सिंह, ईओ नगर परिषद अत्तर सिंह, चुनाव तहसीलदार रोहित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर.के सिंह ने शुक्रवार को एल-1 व एल-13 स्टॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे लाइन डबवाली रोड़ स्थित एल-13, फायर स्टेशन के पीछे एल-1 तथा इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एल-1 व एल-13 स्टॉक को चैक किया। उन्होंने संबंधित ऐजेंसी मालिकों को कहा कि वे चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध शराब को लेकर विशेष ध्यान रखें। जरुरत अनुसार सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढाई जाए। इसके साथ ही निरंतर रिकॉर्डिंग की निगरानी करें व पिछले एक महीने का कैमरे की रिकॉर्डिंग का रिकॉर्ड उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि शराब के आने व जाने का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि अवैध शराब की गतिविधि होती पाई जाती है, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाल भवन, गांव सिकंदरपुर व गांव वेदवाला में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्र पर पानी, शौचालय, लाइट व छाया आदि जरुरी सुविधाएं जरुर हों। इसके साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप की सुविधा की जाए। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को बच्चों को मतदान के बारे में जागरुक करने को कहा ताकि वे घर जाकर अपने अभिभावकों व अपने आस-पास के लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। उन्होंने गांव के सरपंच, पंच, ग्राम सचिव व नंबरदा भी सिरसा का अभिमान, सौ प्रतिशत मतदान की मुहिम में बढचढकर सहयोग करें और चुनाव ड्यूटी में लगे जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें। अगर किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत संबंधित एआरओ या 1950 पर सूचना दें। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को अपने घर से निकलकर सौ प्रतिशत मतदान करे।

# कल से और बढ़ेगी गर्मी 11 से बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पिछले एक महीने से पल-पल बदल रहे मौसम ने अब एकदम पलटी मार ली है। एक सप्ताह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 10 अप्रैल तक मौसम खुश्क रहेगा। कल से प्रदेश में लोगों को जून-सी गर्मी का अहसास होने लगेगा। यह मौसम गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगा। एक माह पूर्व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण यहां ओलावृष्टि के बाद कभी बादल तो कभी बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। पिछले एक सप्ताह से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। 2 मार्च को यहां का अधिकतम तापमान 18 डिग्री था तो उसके बाद बूंदाबांदी से यह 20 से 25 डिग्री के बीच घूमता रहा। एक सप्ताह से तापमान 32 डिग्री सेल्सियस को पार करके 36 डिग्री तक पहुंच गया है। अप्रैल माह में तापमान बढ़ने से पंखे, एसी का सहारा लेना पड़ रही है जबकि गेहूं की फसल के लिए यह तापमान वरदान माना जा रहा है।

# मतदान पर हुई विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

- राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने विचार किए साझे

राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विषय परिषद ने मतदान महादान विषय पर विचार गोष्ठी के माध्यम से छात्राओं व आमजन के लिए जागरूकता अभियान चलाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बंता सिंह भोला ने कहा कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम, स्वीप के रूप में अधिक जाना जाता है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। वर्ष 2009 से हम भारत के निर्वाचकों को सजग करने और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित बुनियादी जानकारी से लैस करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। यह कार्यक्रम विविध प्रकार के सामान्य एवं लक्षित ऐसे इंटरवेंशनों पर आधारित हैं, जो रा'य के सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और जनसांख्यिकीय प्रोफाइल के साथ-साथ निर्वाचनों के पिछले चक्रों में निर्वाचकीय सहभागिता के इतिहास और उनसे मिली सीख के अनुसार अभिकल्पित किए गए हैं। प्राचार्य भोला ने कहा कि आप सभी लोकतंत्र के नागरिक होने के नाते सभी लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखना तथा स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान करने एवं लोकतंत्र के इस महत्व पर्व में अपनी आहुति देकर राष्ट्र निर्माण के कार्यार् में अपना योगदान देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करें। मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ-साथ हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।


### रमजान माह के अंतिम जुमा के दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अता की नमाज



**फतेहाबाद।** मुस्लिम समुदाय के नागरिकों द्वारा रमजान माह के अंतिम जुमा के दिन शुक्रवार को गांव भोडिया खेड़ा की मस्जिद में नमाज अदा की गई। हाफिज इरफान खान ने नागरिकों को नमाज अदा करवाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए पवित्र माह रमजान के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को रमजान माह के दौरान रोजे रखने चाहिए। इसके अलावा हर दिन पांच वक्त की नमाज भी पढनी चाहिए। दिन में पांच वक्त की नमाज प्रत्येक मुसलमान पर वाजिब है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे मस्जिद को आबाद रखे और ज्यादा से ज्यादा संख्या में नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में आये।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। वर्कशॉप की अध्यक्षता करते जिप सीईओ सुरेश कुमार।

जिला परिषद एवं डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन व चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए अपना अपेक्षित सहयोग दें। जिला में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके बारे आमजन मानस को जागरूक करे। जिप सीईओ सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तर पर शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में जन संवाद पोर्टल पर आए आवेदनों/शिकायतों की समीक्षा के लिए आयोजित वर्कशॉप में पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से लोकसभा आम चुनाव बारे चर्चा कर रहे थे। वर्कशॉप में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी दलजिंद्र सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के एक्सईएन देवेंद्र सिंह, जिला परिषद के एक्सईएन योगेंद्र कुमार, सभी बीडीपीओ व एसडीओ, सीएमजीजीए सुरभि साहू, एओ सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।

### मताना में आट्र्स, कॉमर्स व साइंस तीनों संकायों में दाखिले शुरू

# मताना में शिक्षा जागरूकता समारोह आठ को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव मताना में शिक्षा जागरूकता समारोह को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट।

नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़ने के उद्देश्य से 8 अप्रैल को गांव मताना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा जागरूकता समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई भाग लेंगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र श्योराण, अतिथि विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल होंगे। इसके अलावा गुरूकुल अकैडमी फतेहाबाद से प्रदीप मांझू, डाइट मताना से डॉ. ईश्वर सिंह ढिंगसरा व डॉ. सुनीप पंवार ने समारोह में भाग लेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर गांव के सरकारी स्कूल में सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव के अनेक गणमान्य लोगों व स्कूल स्टाफ सदस्यों ने समारोह व स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों का एडमिशन सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई और एक शिक्षा समिति का भी गठन किया गया। सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा ने कहा कि हाल ही में सरकार द्वारा गांव के सरकारी स्कूल को अपग्रेड किया गया है। अब गांव के सरकारी स्कूल में 11वीं व 12वीं की कक्षाएं भी शुरू हो गई है। आसपास के गांवों में मताना में ही एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां के सरकारी स्कूल में आट्र्स, कॉमर्स व साइंस तीनों स्ट्रीम में बच्चों के एडमिशन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मताना व आसपास के गांवों में अनेक ऐसे गरीब बच्चे हैं जोकि निजी स्कूलों में महंगी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते और आर्थिक तंगी के चलते शिक्षा बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। मताना स्कूल के अपग्रेड होने से ऐसे बच्चों को काफी लाभ मिलेगा और वे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत का प्रयास है कि स्कूल के पहले सत्र में इस साल सभी तीनों स्ट्रीम में कम से कम 50-50 बच्चों का एडमिशन करवाया जाए।